हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 22 जुलाई 2026

04 बारिश भी नहीं रोक पाई आस्था, भैरूंदा बना 'छोटा ...



07 उद्घाटन के इंतजार में डिप्टी सीएम के निर्देशों...





## खबर संक्षेप

### मत्स्य पालन के लिए दो जलाशयों के पट्टे के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** सीहोर जनपद पंचायत द्वारा मत्स्य पालन एवं मत्स्याखेट के लिए दो सिंचाई जलाशयों के पट्टे आवंटन हेतु इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार श्यामपुर तहसील के सातनवाड़ी सिंचाई जलाशय तथा सीहोर तहसील के लसूड़िया परिहार सिंचाई तालाब का पट्टा 10 वर्ष की अवधि के लिए दिया जाएगा। यह अवधि तभी मान्य होगी जब प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इसकी अनुमति दी गई हो। सीहोर जनपद सीईओ नमिता बघेल ने बताया कि पट्टे के लिए शासन द्वारा निर्धारित प्राथमिकता के अनुसार पंजीकृत स्थानीय मछुआ सहकारी समितियां, स्थानीय मछुआ समूह तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पात्र व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक अपने प्रस्ताव एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन 29 जुलाई 2026 को सायं 5:00 बजे तक जनपद पंचायत सीहोर के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### 24 जुलाई से शिव महापुराण कथा, 29 को गुरु दीक्षा समारोह

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव की शुरुआत 24 जुलाई से होगी। इस मौके पर दोपहर में कथा और 29 जुलाई को दीक्षा महोत्सव का आयोजन प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में किया जाएगा। मंदिर परिसर में होने वाली कथा की तैयारियां पूर्ण की जा रही है। इसको लेकर स्वयं अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को लेकर भोजनशाला सहित अन्य भव्य पंडालों का निरीक्षण कर यहां पर मौजूद विठलेश सेवा समिति के सेवादारों से चर्चा की। मंदिर परिसर में महोत्सव के लिए भव्य पंडाल स्थाई रूप से बना है। इसको लेकर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा और पंडित सहित अन्य ने मंदिर परिसर में भोजन, कथा स्थल आदि की व्यवस्था की। विश्व प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम में आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आयोजन समिति एवं जिला प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यापक व्यवस्थाएं कर रहे हैं। महोत्सव में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

# राज्य सरकार ने जिले के नगरीय निकायों में एल्डरमैनों की नियुक्तियां की

**सीहोर।** नगरीय निकायों का कार्यकाल समाप्त होने में जब महज एक साल का समय बचा है, तब राज्य सरकार ने जिले के नगरीय निकायों में एल्डरमैनों की नियुक्तियां कर दी हैं। मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी आदेश के बाद स्थानीय राजनीति में नया उबाल आ गया है। हालांकि इन नियुक्तियों में नियमों को किनारे रखकर शुद्ध रूप से राजनीतिक वफादारी को प्राथमिकता दी गई है।

नियमानुसार एल्डरमैन के पदों पर समाज सेवा, शिक्षा, विधि और नगर प्रशासन का विशेष अनुभव रखने वाले प्रबुद्धजनों को मनोनीत किया जाना चाहिए। इसके उलट सीहोर नगर पालिका सहित जिले भर के निकायों में विशुद्ध रूप से सत्ताधारी पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं और नेताओं को ही यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि अंतिम वर्ष में हुई यह नियुक्तियां चुनाव से पहले असंतुष्ट कार्यकर्ताओं को साधने का प्रयास हैं।



### सीहोर-आष्टा में 6-6 और परिषदों में 4-4 एल्डरमैनों का मनोनयन

शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषदों में 6-6 और नगर परिषदों में 4-4 एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं। जिले की 2 नगर पालिका सीहोर व आष्टा और 7 नगर परिषदों कोठरी, बुधनी, रेहटी, इछावर, जावर, शाहगंज व भैरूंदा को मिलाकर कुल 36 एल्डरमैन बनाए गए हैं।

### वोट देने की नहीं होगी पात्रता

मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम के अनुसार नियुक्त किए गए ये एल्डरमैन परिषदों की आधिकारिक बैठकों में शामिल हो सकेंगे। वे अपने-अपने वार्डों और नगर की जनसमस्याओं, विकास योजनाओं पर अपने विचार व सुझाव रख सकते हैं। एल्डरमैनों को परिषद की बैठकों, अध्यक्ष चुनाव या किसी भी विधायी प्रस्ताव पर मतदान करने का अधिकार नहीं होता है। वे केवल एक गैर मतदाता परामर्शदाता और सहयोगी के रूप में काम करेंगे।

### 1 साल का छोटा सा कार्यकाल

परिषदों का कार्यकाल अब अंतिम पड़ाव पर है। ऐसे में मनोनीत एल्डरमैनों के पास अपनी उपयोगिता साबित करने के लिए बेहद कम समय बचा है। एक तरफ जहां कार्यकर्ता इस नियुक्ति से गदगद हैं, वहीं दूसरी तरफ आम नागरिकों की नजर इस बात पर रहेगी कि राजनीतिक पृष्ठभूमि से आए ये नए एल्डरमैन महज औपचारिकता निभाते हैं या वाकई जनता के मुद्दों को परिषद में मजबूती से उठाते हैं।

### निकायवार मनोनीत एल्डरमैनों की पूरी सूची

**नगर पालिका परिषद सीहोर:** कपिल कुशवाह वार्ड 34, अतुल तिवारी वार्ड 09, तुषार सोनी वार्ड 28, राजेश परिहार वार्ड 24, शेर सिंह राजपूत वार्ड 01 और हर्षा राठौर वार्ड 27 शामिल हैं।
**नगर पालिका परिषद आष्टा:** डॉ. चंद्रा जैन वार्ड 07, राजीव मालवीय वार्ड 03, शिवलाल प्रजापति वार्ड 16, तोषनारायण भूतिया वार्ड 15, अवनीश पिपलोदिया वार्ड 07 और अलखबंदा सोनी वार्ड 05।
**नगर परिषद कोठरी:** अरविंद सिंह वार्ड 06, देवकरण सिंह वार्ड 05, देवकरण मालवीय वार्ड 14 और रामसखा वर्मा वार्ड 03।
**नगर परिषद बुधनी:** लेखराम यादव वार्ड 11, शिवानी यादव वार्ड 08, भोजकुमार विश्वकर्मा वार्ड 13 और अशोक वर्मा वार्ड 10।
**नगर परिषदए रेहटी:** विमल पंसारी वार्ड 02, विनीत महेश्वरी वार्ड 01, प्रेमनारायण विश्वकर्मा वार्ड 03 और सुनीता ठाकुर वार्ड 02।
**नगर परिषद इछावर:** महेश चंद्रवंशी वार्ड 02, संतोष गुप्ता वार्ड 15, सीमा बाई वार्ड 10 और शांति बाई वर्मा वार्ड 03।
**नगर परिषद जावर:** कमल सिंह वार्ड 03, गोविन्द राम मालवीय वार्ड 06, वीणा जोशी वार्ड 07 और योगेश भावसार वार्ड 12।
**नगर परिषद शाहगंज:** संतोष अहिरवार वार्ड 05, राजीव गौर वार्ड 10, विवेक दुबे वार्ड 13 और अभिषेक पाल।
**नगर परिषद भैरूंदा:** ऋषभ जैन वार्ड 14, महेश मेहरा वार्ड 02, शक्ति सोनी वार्ड 07 और नितेश पंवार वार्ड 14 शामिल हैं।

### शिवशिला दर्शन के समय देवास और झारखंड की महिला श्रद्धालुओं को बनाया निशाना

# कुबेरेश्वर धाम में चेन चोर सक्रिय, दर्शन के दौरान 2 महिलाओं के साढ़े तीन लाख के गहने किए पार

पूर्व में भी रुद्राक्ष महोत्सव और कथाओं के दौरान पकड़ी जा चुकी हैं यूपी, बिहार, महाराष्ट्र और राजस्थान की शातिर अंतरराज्यीय गैंग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पवित्र सावन मास और भव्य कांवड़ यात्रा की शुरुआत से ठीक पहले कुबेरेश्वर धाम में चोर गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। धाम परिसर में दर्शन करने पहुंच रहे श्रद्धालुओं को निशाना बनाते हुए शातिर बदमाशों ने हाल ही में दो अलग-अलग महिला श्रद्धालुओं के गले से करीब 3.50 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण पार कर दिए। घटना के बाद जहां एक ओर पीड़ित महिला श्रद्धालुओं में मायूसी है, वहीं दूसरी ओर सावन में उमडऩे वाली अपार भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मंडी थाना पुलिस ने दोनों मामलों में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।



### देवास और झारखंड की हैं महिला कुबेरेश्वर धाम में दर्शन करने पहुंची थीं

जानकारी के अनुसार देवास निवासी भावना पांचाल 44 वर्ष कुबेरेश्वर धाम में दर्शन करने पहुंची थीं। जब वे मुख्य मंदिर परिसर में शिवशिला के दर्शन कर रही थीं, उसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात चोर ने उनके गले से करीब 1.50 लाख रुपये मूल्य का सोने का मंगलसूत्र काट लिया। भावना पांचाल को जब तक अहसास हुआ, तब तक चोर गायब हो चुका था। इसी तरह झारखंड के बोकारो से दर्शन करने आई उषा देवी भी चोरों की शिकार बनीं। शिवशिला दर्शन की लाइन में लगी उषा देवी के गले से अज्ञात बदमाशों ने करीब 2 लाख रुपये मूल्य की सोने की चेन पर हाथ साफ कर दिया। दोनों पीड़ित महिलाओं ने मंडी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है और धाम समिति को भी अवगत कराया है।

**सावन में उमड़ेगी भारी भीड़ :** बता दें सावन के पवित्र महीने में देश भर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु कुबेरेश्वर धाम पहुंचते हैं।

इस दौरान रोजाना हजारों कांवड़िये सीवन नदी से जल भरकर कांवड़ यात्रा निकालते हुए कुबेरेश्वर धाम में भगवान शिव का जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। ऐसे में सावन की शुरुआत से ठीक पहले ही चोरों के इस तरह सक्रिय होने से आने वाले श्रद्धालुओं में भय और चिंता का माहौल बन गया है।

### सादी वर्दी में पुलिस तैनाती की मांग

बार-बार एक ही स्थान शिवशिला के पास हो रही चोरी की घटनाओं ने सुरक्षा दावों की पोल खोल दी है। श्रद्धालुओं ने मांग की है कि आगामी सावन मास को देखते हुए धाम परिसर में पुलिस बल की संख्या बढ़ाई जाए, सीसीटीवी कैमरों से कड़ी निगरानी की जाए और भीड़ के बीच सादी वर्दी में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाए, ताकि बाहरी राज्यों से आने वाले इन शातिर गिरोहों पर नकेल कसी जा सके।

### कुबेरेश्वर धाम में पहले भी घटित हुईं घटनाएं

16 फरवरी 2023: रुद्राक्ष महोत्सव महोत्सव के पहले ही दिन उमड़ी भारी भीड़ में चोर गिरोह ने 50 से अधिक महिलाओं के गले से सोने की चेन, मंगलसूत्र और पर्स पार कर दिए थे।
17-18 फरवरी 2023: पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार की महिला बदमाशों की अंतरराज्यीय गैंग को पकड़ा था और कटी हुई 15 से ज्यादा चेन बरामद की थीं।
25 मई 2023: शिवपुराण कथा के दौरान श्रद्धालुओं के गहने चुराते हुए पुलिस ने 6 शातिर चोरों को रंगे हाथों दबोचकर लगभग 4 लाख मूल्य की सोने की चेन जब्त की थी।
7-8 मार्च 2024: महाशिवरात्रि/रुद्राक्ष महोत्सव के दौरान पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर अंतरराज्यीय गैंग के 12 से अधिक सदस्यों को गिरफ्तार किया था, जिनसे 10 से 12 लाख रुपये के सोने के आभूषण बरामद हुए थे।

### 3 किलो 100 ग्राम, लगभग 90 हज़ार के अवैध गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

**सीहोर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी भैरुंदा रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में थाना भैरुंदा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर प्रभावी प्रहार करते हुए 3 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। दिनांक 20 जुलाई 2026 को थाना भैरुंदा पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम नयागांव निवासी पर्वतनाथ पिता हरिनाथ (उम्र 42 वर्ष) अपने घर में अवैध गांजा छिपाकर रखता है तथा प्रतिदिन शाम के समय उसकी पुड़िया बनाकर बिक्री करता है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सूचना को पूर्णतः गोपनीय रखा तथा नियमानुसार मौके पर पहुंचकर आरोपी के मकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान घर के एक कमरे में रखे एक बड़े बॉक्स से एक बैग बरामद हुआ, जिसमें चार पैकेटों में अवैध गांजा रखा मिला। बरामद गांजे का कुल वजन 3 किलो 100 ग्राम पाया गया। पुलिस द्वारा मौके पर ही गांजे को विधिवत जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई जिले में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण सफलता है तथा ऐसे अपराधों के विरुद्ध पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### मुनिश्री अभेदसागर-अगरभसागर संघ का प्रवेश

**सीहोर।** मुनि अभेदसागर और मुनि अगरभसागर के संघ का सोमवार को मंगल प्रवेश हुआ। सुबह 8 बजे सैकड़ाखेड़ी चौराहे पर श्रद्धालुओं ने पद प्रच्छालन किया। आशीर्वाद लिया। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, छावनी पहुंची। यहां धर्मसभा में मुनि अभेदसागर ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। आशीष वचन दिए। इसके बाद आहार चर्या विधि-विधान से हुई। श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ अर्जित किया। दोपहर में सामायिक हुई।

### नए मौसमी सिस्टम से सक्रिय हुआ मानसून, फसलों को मिलेगा फायदा

# 13 दिन बाद हुई बारिश से सूखे जैसे हालात खत्म, सोयाबीन फसल को मिली नई संजीवनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में 13 दिनों से बारिश का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया। रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक करीब 9 घंटे लगातार हुई झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। लंबे समय से गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली, वहीं खरीफ फसलों पर मंडरा रहा संकट भी काफी हद तक टल गया। खासकर सोयाबीन की फसल के लिए यह बारिश संजीवनी साबित हुई है। मानसून की गतिविधियां कमजोर पड़ने के कारण जिले में पिछले 13 दिनों से बारिश नहीं हुई थी। खेतों की नमी खत्म होने लगी थी और किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही थी। रातभर हुई बारिश से खेतों में फिर से पर्याप्त नमी लौट आई है, जिससे फसलों की बढ़वार को गति मिलने की उम्मीद है।

### नए मौसमी सिस्टम से सक्रिय हुआ मानसून

मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में सक्रिय हुए नए चक्रवाती परिसंचरण तथा मध्य भारत से गुजर रही मानसून ट्रफ के कारण प्रदेश में मानसून फिर सक्रिय हुआ है। इसी सिस्टम के प्रभाव से सीहोर जिले में अच्छी बारिश दर्ज की गई।

विभाग ने अगले तीन से चार दिनों तक जिले में मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई है। कई क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश होने का भी अलर्ट जारी किया गया है।

### श्यामपुर में सबसे ज्यादा बारिश

भू-अभिलेख विभाग के 21 जुलाई के आंकड़ों के अनुसार, जिले में औसतन 0.45 इंच बारिश दर्ज की गई। श्यामपुर में सबसे अधिक 1.42 इंच, बुधनी में 1.02 इंच और रेहटी में 0.76 इंच वर्षा हुई। सीहोर शहर में 0.28 इंच और भैरूंदा में 0.12 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं आष्टा, जावर और इछावर में केवल हल्की या नगण्य वर्षा दर्ज हुई।

### फसलों और जलाशयों को मिलेगा फायदा

विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई है और सोयाबीन समेत खरीफ फसलों की स्थिति में तेजी से सुधार होगा। यदि अगले तीन-चार दिनों तक बारिश का दौर जारी रहा, तो जिले के नदी-नालों, तालाबों और जलाशयों का जलस्तर भी बढ़ेगा, जिससे सिंचाई और पेयजल की स्थिति मजबूत होगी।

**सीजन में अब तक 14.75 इंच बारिश**

1 जून से अब तक जिले में औसतन 14.75 इंच बारिश हो चुकी है। आष्टा में 19.76 इंच, जावर में 17.87 इंच, भैरूंदा में 15.43 इंच, रेहटी में 15.36 इंच, इछावर में 14.88 इंच, सीहोर शहर में 13.02 इंच, बुधनी में 12.50 इंच और श्यामपुर में 9.15 इंच वर्षा दर्ज की गई है। तुलनात्मक रूप से पिछले वर्ष इसी अवधि तक जिले में 17.71 इंच बारिश हो चुकी थी, जबकि जिले की सामान्य वार्षिक औसत वर्षा 45.21 इंच है।

# बीजेपी नेता को कुर्ता-पजामा का रेट बताने वाला पटवारी निलंबित

**सीहोर।** इछावर तहसील में एक जनप्रतिनिधि से अभद्रता करना और डेढ़ सौ रुपये के कुर्ता-पजामा का रेट बताना पटवारी को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल होने और कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब न मिलने पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए हल्का नंबर 29 ग्राम रामदासी में पदस्थ पटवारी ऋषि यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

दरअसल कुछ दिनों पूर्व पटवारी ऋषि यादव और एक स्थानीय बीजेपी नेता के बीच बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। इस ऑडियो में पटवारी न केवल बीजेपी नेता से अभद्र भाषा में बात करते सुनाई दे रहे थे, बल्कि उन्होंने तंज कसते हुए डेढ़ सौ रुपये के कुर्ता-पजामा पहनने जैसी कई अमर्यादित बातें भी कही थीं। हद तो तब हो गई जब पटवारी ने केंद्रीय मंत्री और प्रदेश के राजस्व मंत्री को लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां कर डालीं।

### नोटिस का जवाब नहीं पाया गया संतोषजनक

मामला संज्ञान में आते ही इछावर तहसीलदार ने इसे गंभीरता से लिया और गत 9 जुलाई को पटवारी ऋषि यादव को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था। पटवारी द्वारा प्रस्तुत किए गए स्पष्टीकरण का जब गहन परीक्षण किया गया तो प्रशासन ने उसे असंतोषजनक पाया। प्रशासन का स्पष्ट कहना है कि एक शासकीय सेवक द्वारा जनप्रतिनिधियों के प्रति ऐसी भाषा का प्रयोग करना और मंत्रियों पर टिप्पणी करना मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का सीधा और गंभीर उल्लंघन है।

### एसडीएम ने जारी किया सस्पेंशन ऑर्डर

मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी इछावर ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम-9 के तहत कार्रवाई करते हुए पटवारी ऋषि यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन की इस अवधि के दौरान संबंधित पटवारी का मुख्यालय तहसील कार्यालय इछावर निर्धारित किया गया है। नियमानुसार निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

### प्रियंका मिश्रा को मिला प्रभार

राजस्व कार्य प्रभावित न हों इसके लिए प्रशासन ने ग्राम रामदासी का संपूर्ण प्रभार तत्काल प्रभाव से ग्राम दीवड़िया की पटवारी प्रियंका मिश्रा को सौंप दिया है। इसके साथ ही एसडीएम ने इछावर तहसीलदार को सख्त निर्देश दिए हैं कि संबंधित निलंबित पटवारी के विरुद्ध 15 दिनों के भीतर विधिवत आरोप पत्र, साक्ष्य और दस्तावेजों की सूची तैयार कर विभागीय जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जांच रिपोर्ट आने के बाद पटवारी पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई तय की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### मिशन वात्सल्य योजना के तहत फॉस्टर केयर के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत ऐसे बच्चे, जिन्हें सुरक्षित, स्नेहपूर्ण एवं पारिवारिक वातावरण की आवश्यकता है, उनके लिए फॉस्टर केयर व्यवस्था के तहत इच्छुक एवं पात्र परिवारों तथा व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे ने बताया कि फॉस्टर केयर योजना के माध्यम से बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार चयनित बच्चों को अस्थायी रूप से ऐसे परिवारों में रखा जाएगा, जहां उन्हें बेहतर पालन-पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य के लिए पारिवारिक वातावरण मिल सके। योजना के अंतर्गत बच्चों की देखभाल एवं पालन-पोषण के लिए प्रति माह 4 हजार रुपये की सहायता राशि बच्चे के आधार से डीबीटी के माध्यम से खाते में प्रदान की जाएगी। योजना के तहत अनाथ, परित्यक्त, सरेंडर किए गए, बाल श्रम एवं बाल विवाह से मुक्त, घरेलू हिंसा या शोषण से प्रभावित, भिक्षावृत्ति से मुक्त तथा अन्य जरूरतमंद बच्चों को शामिल किया जाएगा। इच्छुक फॉस्टर परिवार के पास सुरक्षित एवं सकारात्मक पारिवारिक वातावरण होना चाहिए तथा उन्हें निर्धारित पात्रता एवं सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। इच्छुक परिवार महिला एवं बाल विकास विभाग के निकटतम परियोजना कार्यालय अथवा सीहोर कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक-146 में कार्यालयीन समय में आवेदन प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल पोलाय से संपर्क किया जा सकता है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई ऐसा बच्चा है जिसे पारिवारिक संरक्षण की आवश्यकता है।

## रथ खींचने और सेवा में दिखा श्रद्धालुओं का जोश, 24 फीट ऊंचे रथ पर निकले भगवान

# बारिश भी नहीं रोक पाई आस्था, भैरूंदा बना 'छोटा पुरी, जगन्नाथ रथयात्रा में उमड़ा जनसैलाब

मंगलम पैलेस से शुरू हुई रथयात्रा शाम सवा छह बजे कृषि उपज मंडी स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। तीन घंटे तक चले इस आयोजन में दो किमी लंबे मार्ग पर हर वर्ग के लोग शामिल हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा





लगातार दूसरे वर्ष निकली भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा ने इस बार भैरूंदा में आस्था का नया इतिहास रच दिया। मंगलवार को बारिश के बीच निकली इस यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। 'जय जगन्नाथ' और 'हरि बोल' के जयघोष से पूरा नगर गूंजता रहा। हालात ऐसे थे कि हर गली-मोहल्ला मानो 'छोटा पुरी' बन गया हो।

दोपहर करीब सवा तीन बजे सर्व मंगलम पैलेस से शुरू हुई रथयात्रा शाम सवा छह बजे कृषि उपज मंडी स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। करीब तीन घंटे तक चले इस आयोजन में दो किलोमीटर लंबे मार्ग पर हर वर्ग के लोग शामिल हुए। 24 फीट ऊंचे भव्य रथ पर भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकले।



### बारिश में भी झूमते रहे श्रद्धालु

जैसे ही रथयात्रा सीहोर नाके की ओर बढ़ी, मौसम ने करवट ली और हल्की बारिश शुरू हो गई। लेकिन भक्तों का उत्साह जरा भी कम नहीं हुआ। लोग बारिश की फुहारों में भीगते हुए भजन गाते, नाचते और जयघोष करते हुए रथ के साथ चलते रहे। पूरा माहौल भक्ति और उत्साह से सराबोर नजर आया।

**स्वर्ण झाड़ से मार्ग साफ किया :** रथयात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण रथ खींचने की परंपरा रही। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी भगवान के रथ को खींचने के लिए आगे आते दिखे। वहीं कई श्रद्धालुओं ने स्वर्ण झाड़ से मार्ग साफ कर सेवा भाव का परिचय दिया।

नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने रथ खींचकर यात्रा की शुरुआत की, जबकि पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी सेवा में भाग लिया।

**फूलों से सजी सड़कें, जगह-जगह स्वागत :** पूरे मार्ग में जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए थे। सामाजिक संगठनों और नगरवासियों ने भगवान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, जिससे सड़कें फूलों से पट गईं। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण हुआ। यात्रा से पहले भगवान को छप्पन भोग भी अर्पित किया गया।

**समरसता का संदेश राजनीति से ऊपर आस्था :** इस आयोजन की खास बात सामाजिक एकता रही। हर समाज और वर्ग के लोग एक साथ शामिल हुए। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के नेता व कार्यकर्ता एक मंच पर नजर आए। यह रथयात्रा आस्था के साथ-साथ एकता और भाईचारे का बड़ा संदेश दे गई।



**कड़ी सुरक्षा में शांतिपूर्ण आयोजन :** रथयात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। एसडीओपी रोशन कुमार जैन और थाना प्रभारी घनश्याम दांगी के नेतृत्व में पुलिस बल ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था संभाली। राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही, जिससे पूरी यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

बारिश, लंबा रास्ता और भारी भीड़—इन सबके बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। इस ऐतिहासिक रथयात्रा ने पूरे भैरूंदा को एक सूत्र में बांध दिया। यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया।

**महाआरती और महाप्रसादी के साथ समापन :** रथयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों-सीहोर नाका, दुर्गा मंदिर चौक और बस स्टैंड होते हुए कृषि उपज मंडी पहुंची। यहां प्राचीन शिव मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन के बाद भगवान श्री जगन्नाथ की महाआरती की गई। इस अवसर पर सवा 5 क्विंटल खिचड़ी और बूंदी का प्रसाद बनाकर भगवान को भोग लगाया गया और हजारों श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।

# रात में गहरा गड्ढा कर रही जेसीबी को विधायक सुदेश राय ने कराया बंद

**सीहोर।** सीवन नदी के तट पर स्थित हरे-भरे सुंदरबन की भूमि को सोमवार रात अंधेरे में अंडरग्राउंड सीवेज कंस्ट्रक्शन का कॉन्टैक्टर जेसीबी पोकलेन चलाकर छन्नी कर रहा था। कॉन्टैक्टर की मनमानी की सूचना मिलते ही विधायक सुदेश राय सीधे सुंदरबन पहुंचे और अंडरग्राउंड सीवेज कंस्ट्रक्शन कॉन्टैक्टर अक्षय के कर्मचारियों द्वारा जेसीबी पोकलेन से किए जा रहे काम को बंद कराया। विधायक सुदेश राय ने कहा कि नगर पालिका के सीएमओ सुधीर सिंह ने भी सुंदरवन में कार्य करने के लिए मना किया है इसके बावजूद आपके द्वारा जबरन निर्माण कार्य जा रहा है। विधायक राय ने मौके से ही सीएमओ सुधीर सिंह को भी कॉल किया और शहर में जारी अंडरग्राउंड सीवेज कंट्रक्शन कॉन्टैक्टर के सभी काम बंद करने के निर्देश दिए।

**नहीं मान रहे सीएमओ के निर्देश :** नगर पालिका परिषद द्वारा अमृत योजना 2.0 के तहत जारी गुणवत्ताहीन और भ्रष्टाचार युक्त अंडरग्राउंड सीवेज कंस्ट्रक्शन से आक्रोशित विधायक सुदेश राय ने कॉन्टैक्टर को फटकार लगाते हुए कहा कि सीवेज वालों ने शहर की ऐसी तैसी कर रखी है सीएमओ की भी नहीं सुन रहे हैं। पूरे शहर में सीवेज कंपनी के ठेकेदार ने भ्रष्टाचार मचा रखा है। मना करने के बाद भी सुंदरवन को उजाड़ा जा रहा है। कांट्रेक्टर के शहर में सभी काम बंद करने के निर्देश विधायक सुदेश राय ने नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह को दिए हैं। अंडरग्राउंड सीवेज




सीवरेज का काम अमृत योजना 2.0 के तहत किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत शहर के कई हिस्सों में सीवेज लाइन बिछाने का काम नगर पालिका परिषद की देखरेख में चल रहा है। यह काम शहर के नागरिकों के लिए बीते सालों से मुसीबत बना हुआ है।

**नागरिक करते रहे हैं शिकायत :** बीते सालों में नागरिकों ने अंडरग्राउंड सीवेज कंस्ट्रक्शन कॉन्टैक्टर पर गुणवत्ताहीन घटिया स्तर का निर्माण करने, नागरिकों की अंडरग्राउंड पाइप लाइनों और टेलीफोन की केबलों को क्षतिग्रस्त करने, सीसी सड़कों को तोड़ने फोड़ने, बिजली के खंभो घर और दुकानों को नुकसान पहुंचाने जैसे अनेक आरोप लगाए जाते रहे हैं। अब मना करने के बावजूद अंडरग्राउंड सीवेज कंट्रक्शन कॉन्टैक्टर के द्वारा सुंदरबन को उजाड़ने का मामला सामने आया है इसके बाद विधायक सुदेश राय ने एक्शन लिया है।

# नई दुकानों के निर्माण की तैयारी अतिक्रमण हटाने दी समझाइश



**बुधनी।** नगर परिषद ने वार्ड क्रमांक 4 में प्रस्तावित 40 नई दुकानों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। निर्माण कार्य शुरू होने से पहले मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉ. प्रशांत जैन ने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ स्थल का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निर्माण स्थल पर अस्थायी रूप से रह रहे परिवारों से चर्चा कर उन्हें स्वेच्छा से अस्थायी अतिक्रमण हटाने की समझाइश दी गई, ताकि निर्माण कार्य समय पर प्रारंभ हो सके। अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित अवधि के बाद आवश्यकता पड़ने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय ने कहा कि 40 नई दुकानों के निर्माण से स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। छोटे व्यापारियों और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा नगर की व्यावसायिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील भी की।

# वाहन चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने दो घरों की चोरी सुलझाई, एक लाख के चांदी के गहने बरामद

**सीहोर।** जिले की भैरूंदा पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दो नकबजनी की वारदातों का भी खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 1 लाख रुपए कीमत के चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस कार्रवाई में आरोपी से वाहन चोरी और घरों में चोरी से जुड़े कुल चार मामलों का खुलासा हुआ है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### घरों के ताले तोड़कर चोरी की थी वारदात

पुलिस के अनुसार, 21 मार्च और 24 मार्च को फरियादी अंकित तिवारी और कामिल खां ने भैरूंदा थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि अज्ञात चोरों ने रात के समय उनके घरों के ताले तोड़कर अलमारी में रखी नकदी और गहने चोरी कर लिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### विशेष टीम ने आरोपी को पकड़ा

मामले की जांच के लिए एसडीओपी रोशन कुमार जैन के



मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम दांगी ने विशेष टीमें गठित की थीं। पुलिस टीमें लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थीं। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर भैरूंदा निवासी मुहास उर्फ मुहाज खान को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार कर लिया।

### चांदी के गहनों सहित चोरी का माल बरामद

पूछताछ में आरोपी ने अंकित तिवारी के घर से चांदी के आभूषण चोरी करना कबूल किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 1 लाख रुपए कीमत के चांदी के गहने बरामद किए हैं। बरामद सामान में चांदी का एक हार, बच्चों के हाथ के दो कड़े, दो पायजेब, दो चांदी की पट्टी और चार बिछिया शामिल हैं।

### बाइक चोरी की वारदातें भी कबूलीं

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने घरों में चोरी के अलावा दो मोटरसाइकिल चोरी करने की बात भी स्वीकार की है। आरोपी ने बताया कि उसने गुड़ बाजार और कॉलोनी क्षेत्र से बाइक चोरी की थी। पुलिस की इस कार्रवाई से भैरूंदा थाना क्षेत्र के कुल चार बड़े अपराधों का खुलासा हुआ है।

**आरोपी को भेजा गया उपजेल:** पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से चारों मामलों में जेल वारंट मिलने के बाद उसे उपजेल भेज दिया गया है। पुलिस अब आरोपी से जुड़े अन्य मामलों और चोरी की घटनाओं के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।

## नगर पालिका की पीआईसी बैठक में 52 प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत

# नपाध्यक्ष राठौर बोले सीहोर को एक आधुनिक सुविधायुक्त और सर्वांगीण विकसित शहर बनाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर पालिका परिषद सीहोर की पीआईसी (प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल) की बैठक मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शहर के विकास से जुड़े 52 महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किए गए। बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क, खेल एवं जनसुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को हरी झंडी दी गई।

बैठक में वार्ड क्रमांक 2 में बलवंत की चक्की से सम्राट कॉलेज तक तथा पार्वती मेवाड़ा के घर से देवनगर कॉलोनी तक सीसी रोड निर्माण के लिए 31 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 4 में टाउन हॉल बस स्टैंड के समीप आधुनिक बास्केटबॉल ग्राउंड के निर्माण हेतु 16 लाख 17 हजार रुपये की मंजूरी दी गई, जिससे शहर के युवाओं और खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वार्ड




क्रमांक 7 में मुरली रोड से क्यूलटोली रोड होते हुए शासकीय स्कूल तक डामरीकरण कार्य के लिए 39 लाख 60 हजार रुपये स्वीकृत किए गए। वार्ड क्रमांक 21 की अवधपुरी कॉलोनी में शर्मा के घर से पशुपतिनाथ मंदिर होते हुए इंदौर-भोपाल मुख्य मार्ग तक सीसी रोड निर्माण के लिए 16 लाख 70 हजार रुपये की मंजूरी दी गई। वार्ड क्रमांक 34 में जूनियर वाड़ी क्षेत्र में बड़ा मस्जिद से जूनियर वाड़ी डीपी तक सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 37 लाख 90 हजार रुपये स्वीकृत किए गए। इसके अलावा शहर की आस्था और पर्यटन को ध्यान में रखते हुए महिला घाट पर नदी किनारे घाट निर्माण के लिए 29 लाख 64 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य केवल सड़कें बनाना नहीं, बल्कि सीहोर को एक आधुनिक, सुविधायुक्त और सर्वांगीण विकसित शहर बनाना है। बच्चों के लिए बास्केटबॉल ग्राउंड, महिला घाट पर निर्माण तथा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण इसी संकल्प का हिस्सा है। नगर पालिका बिना किसी भेदभाव के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करा रही है और आने वाले समय में भी जनहित के अनेक कार्य तेजी से किए जाएंगे। सीहोर नगर लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। नगर पालिका का लक्ष्य प्रत्येक वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना और नागरिकों को बेहतर शहरी वातावरण उपलब्ध कराना है। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर सिंह, कार्यपालन यंत्री विजय कोहली, अमित यादव, सभी सभापति, पार्षदगण, इंजीनियर तथा नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना में मिलेगा 1 लाख का लोन

**सीहोर।** शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों के लिए डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में स्वरोजगार के लिए 10 हजार रुपए से 1 लाख रुपए तक ऋण दिया जाता है। योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित/शेष ऋण पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक (मोरेटोरियम अवधि सहित) नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दिया जाता है। इसके अलावा शासन द्वारा गारंटी फीस देय होती है। योजना के लिए आवेदक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की पात्रता अनुसार आवेदक की आयु 18 से 55 वर्ष के बीच हो और आवेदक आयकर दाता न हो।

**न्यायालय तहसीलदार तहसीलदार तहसील सीहोर नगर जिला सीहोर**

प्रकरण क्रमांक 0003/अ-20(3)/2026-27
ग्राम कस्बा

// जाहिर सूचना//

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है। संस्था का नाम Mahila AVM Bal Vikash VHIBHAG संस्था का प्रकार Other संस्था का पता Kasba Sehore, द्वारा आंगनवाडी भवन का निर्माण हेतु नगरीय जिला सीहोर के ग्राम कस्बा सीहोर आवेदित के भूखण्ड क्रमांक 410 रकबा 16390 वर्गमीटर / हे0 में से 350 वर्गमीटर / हे0 का स्थानीय निकाय को भूमि स्वामी हक में भूमि दिया जाना भूमि आवंटन / नजूल भूमि स्थायी पटटा स्वयं संस्था के नाम चाहा गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी विभाग या अन्य नगरवासी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति जाहिर सूचना के 15 दिवस के अंदर न्यायालय में स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। वाद म्याद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उदघोषण आज दिनांक 15/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया ।

तहसीलदार
तहसील सीहोर नगर

**न्यायालय तहसीलदार तहसीलदार तहसील सीहोर नगर जिला सीहोर**

प्रकरण क्रमांक 0001/अ-20(3)/2026-27
ग्राम मुरली

// जाहिर सूचना//

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है। संस्था का नाम Mahila AVM Bal Vikash VHIBHAG संस्था का प्रकार Other संस्था का पता Kasba Sehore, द्वारा आंगनवाडी भवन का निर्माण हेतु नगरीय जिला सीहोर के ग्राम मुरली सीहोर आवेदित के भूखण्ड क्रमांक 306 रकबा 4360 वर्गमीटर/हे0 में से 350 वर्गमीटर/हे0 का स्थानीय निकाय को भूमि स्वामी हक में भूमि दिया जाना भूमि आवंटन / नजूल भूमि स्थायी पटटा स्वयं संस्था के नाम चाहा गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी विभाग या अन्य नगरवासी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति जाहिर सूचना के 15 दिवस के अंदर न्यायालय में स्वयं अथवा अपने वेध प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। वाद म्याद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उदघोषण आज दिनांक 1507/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया ।

तहसीलदार
तहसील सीहोर नगर

### निर्माण एजेंसी पुलिस हाउसिंग स्वास्थ्य विभाग को काफी पहले कर चुकी है हैंडओवर

# उद्घाटन के इंतजार में डिप्टी सीएम के निर्देशों पर बनाया गया रैनबसेरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यालय पर निर्मित नवीन जिला चिकित्सालय भवन के लोकार्पण समारोह में प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी शिरकत करने पहुंचे थे। इस दौरान मरीजों के अटेंडरों के रहने, सोने इत्यादि के लिए उन्होंने अधीनस्थों को जिला अस्पताल के समीप ही रैनबसैरा निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए थे। डिप्टी सीएम के निर्देशों पर त्वरित रूप से रैनबसेरे का प्रस्ताव तैयार होकर टैंडर जारी हुए और निर्माण एजेंसी पुलिस हाऊसिंग को निर्माण का जिम्मा मिला। पुलिस हाऊसिंग ने तय समय में इस रैनबसेरे का निर्माण पूरा करते हुए बिल्डिंग को स्वास्थ्य विभाग के हैंडओवर भी कर दिया है। कईं माह पहले हैंडओवर हुए इस रैनबसेरे का फायदा अभी तक मरीजों के साथ आने वाले अटेंडरों को नहीं मिल पा रहा है। दरअसल, भवन का उद्धघाटन अभी तक नहीं हो पाया है।

### तय समय में बनकर तैयार हुआ है यह रैनबसेरा

इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि जिला अस्पताल भवन की मानिंद इस रैनबसेरे का निर्माण भी गुणवत्तापूर्ण हुआ है। निर्माण एजेंसी पुलिस हाऊसिंग तय समय में भवन बनाकर स्वास्थ्य विभाग/एनएचएम को सौंप चुकी है। अटेंडरों के विश्राम हेतु बने इस भवन में महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग कक्ष बनाए गए हैं।

**खास-खास**

- लागत 1 करोड़ 35 लाख
- एजेंसी पुलिस हाउसिंग
- कक्ष 80 (42 पुरुष, 38 महिला)
- कहां बना जहां पहले मेटरनिटी वार्ड था

### किससे करवाया जाए उद्घाटन

उद्घाटन न होने के पीछे स्वास्थ्य विभाग की भी गलती नहीं कहीं जा सकती। आमजनों के अनुसार जिस तरह जिला अस्पताल का उद्धघाटन सीएम के हाथों लोकार्पित होने के इंतेजार में अटका था ऐसे में संभव है कि विभाग इसका उद्घाटन किसी बड़े जनप्रतिनिधि के हाथों करवाना चाहता हो।

**इनका कहना है**

दरअसल, रैनबसेरे के निर्माण के बाद करीब 30 लाख की राशि बच गई थी जो पुलिस हाउसिंग ने एनएचएम को लौटा दी। मैने कलेक्टर सर से इसके उद्धघाटन के प्रयास हेतु अनुरोध किया था। इस पर उन्होंने एमडी, एनएचएम से पत्राचार किया है ताकि 30 लाख की राशि वापस मिल जाए और उससे जरूरी इन्फ्रास्ट्रचर डेवलप जैसे पलंग, पंखे, कूलर, बर्तन, एसी आदि क्रय किए जा सकें। मामला भोपाल अटका है। राशि आने पर हम वापस पुलिस हाउसिंग को देंगे।

**- रजनीश शर्मा,** सीएस सह अधीक्षक, जिला अस्पताल, राजगढ़

# नगर परिषद में चार वरिष्ठ भाजपा नेता पार्षद मनोनीत, कार्यकर्ताओं में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गोविंद मालवीय, महेश भावसार, ठाकुर प्रसाद मीणा एवं जगदीश विश्वकर्मा को कुरावर नगर परिषद में पार्षद मनोनीत किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों में हर्ष का वातावरण है। इन चारों वरिष्ठ नेताओं को पार्षद मनोनीत किए जाने पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके लंबे राजनीतिक एवं सामाजिक अनुभव का लाभ नगर परिषद को मिलेगा तथा नगर के विकास कार्यों को नई गति प्राप्त होगी।

### नगर पालिका को मिले 6 नए एल्डरमैन

**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश की नगरीय निकायों में एल्डरमैन नियुक्ति की प्रक्रिया के तहत सारंगपुर नगर पालिका परिषद में भी 6 एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन मनोनीत सदस्यों को नगर पालिका परिषद की बैठकों में भाग लेकर नगर विकास एवं जनहित से जुड़े विषयों पर अपनी राय देने का अवसर मिलेगा। एल्डरमैनों में दिनेश कुमार शर्मा वार्ड 8,राधेश्याम माहेश्वरी वार्ड 6,दिनेश सिसोदिया वार्ड 18, शिवनारायण पुष्पद,वार्ड 14, अनिल बारकिया वार्ड 17, सुंदरलाल जाटव वार्ड 09 को नियुक्त किया गया। नगर में एल्डरमैनों की नियुक्ति के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि इनके अनुभव का लाभ नगर के विकास कार्यों, जनहित के मुद्दों तथा परिषद के निर्णयों में मिलेगा।




### खिलचीपुर नगर परिषद में एल्डरमैन की नियुक्ति



**खिलचीपुर।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश द्वारा नगर परिषद खिलचीपुर में 4 एल्डरमैन नियुक्त किए गए, जिनमें पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, आईटी सेल के प्रभारी अजय साहू, शिवनाथ योगी, लखन कलोसिया के नाम शामिल हैं। नगर के वरिष्ठ जनो ओर शहरवासियो ने सभी नवनियुक्त एल्डर मेन को बधाई दी वहीं नगर के विकास कार्यों में सहयोग की अपील की।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया 119वां स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

बैंक ऑफ बड़ौदा का 119वां स्थापना दिसवस 20 जुलाई को शाखा ब्यावरा में मनाया गया। देश में 119 वर्षों से बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने ग्राहकों का विश्वास बढ़ाते हुए उनका सहयोग के साथ प्रगति के नए आयाम स्थापित किया है। बैंक देश में अपने सेवा देते हुए 119 में एक अग्रीणी बैंक के रूप में देश की सबसे बड़ी दूसरी बैंक बन गई है। सोमवार को बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा ब्यावरा में शाखा प्रबंधक प्रतीक साहू के साथ समस्त स्टॉफ और सभी बैंक मित्र और शहर के वरिष्ठ लोगों ने मिलकर शाखा परिसर में कैक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान शाखा प्रबंधक प्रतीक साहू द्वारा बैंक को सपोर्ट करने वाले बैंक मित्रों और गणमान्य लोगों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## जिले से एकत्रित हुई थी 762850 की राशि, सेना को दिए योगदान में राजगढ़ जिला पूरे सूबे में रहा अव्वल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

सशस्त्र सेना झंडा दिवस वर्ष 2024-2025 के लिए राजगढ़ जिला निधि संग्रहण में पूरे सूबे में अव्वल रहा है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा दी गई लक्ष्य राशि 7,45,400 रुपए से अधिक राशि 7,62,850 रूपए सैनिकों के कल्याण हेतु एकत्रित की गई, जो कि लक्ष्य राशि का 102 प्रतिशत है। अवगत रहे कि यह राशि पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, पूर्व सैनिकों की विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास में संचालनालय सैनिक कल्याण, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनायों के माध्यम से उपयोग में ली जाती है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि एवं योगदान के लिए महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल द्वारा अप्रेल माह में लोकभवन में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया था। उक्त सम्मान कलेक्टर डॉ. मिश्रा की ओर से जिला सैनिक कल्याण अधिकारियों ने प्राप्त किया था।

### सैनिक कल्याण अधिकारी पहुंचे राजगढ़

उक्त प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चन्द्र मालवीय (से.नि.) द्वारा सोमवार को कलेक्टर डॉ. मिश्रा को भेंट किया। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिले के समस्त दानदाताओं, अधिकारीगण एवं कलेक्टर डॉ. मिश्रा का सशस्त्र सेना झंडा दिवस में सहयोग देने हेतु आभार एवं कृतज्ञता प्रगट की।

## रॉयल हाईट्स स्कूल में छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव बताए



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी नशे से दूरी है जरूरी 2.0'' जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए एक प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम में थाना प्रभारी हुकम सिंह मीणा, सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। थाना प्रभारी हुकम सिंह मीणा ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और समाज को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासित जीवन, अच्छे संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारियों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर ध्यान देना चाहिए। छात्राओं को विशेष रूप से आत्मरक्षा और साइबर सुरक्षा के साथ नशे से बचाव के उपाय बताए। 'शिक्षा का केंद्र ही नहीं अपितु संस्कार चरित्र निर्माण सामाजिक सरोकार भी देता विधालय'

संस्था संचालक रणधीर सिंह ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि संस्कार, चरित्र निर्माण और सामाजिक जागरूकता का भी महत्वपूर्ण माध्यम है।इस जनजागरूकता अभियान से जेसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिह, समन्वयक पुष्कर पटेल, भोला सेन, दीपक भावसार सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।कार्यक्रम का संचालन अरविंद बंसल ने किया। छात्र-छात्राओं को नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने तथा परिवार, मित्रों और समाज को भी जागरुक करने का संकल्प लिया।

**राजगढ़-ब्यावरा मार्ग पर हादसा**

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौके पर ही मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर राजगढ़-ब्यावरा के मध्य अज्ञात वाहन की टक्कर में बाईक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद काफी समय तक शव मौके पर ही पड़ा रहा। बाद में सूचना पर घटनास्थल पहुंची एम्बुलेंस से शव को जिला अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार मांगीलाल पिता रायसिंह तंवर निवासी ग्राम बांसखेड़ी सोमवार दोपहर अपनी मोटर साईकिल से ब्यावरा से अपने गांव आ रहा था। इस दौरान लक्ष्मणपुरा जोड़ पर पानी की टंकी के पास अज्ञात वाहन ने बाईक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मांगीलाल की मौके पर मृत्यु हो गई। शव काफी क्षत-विक्षत स्थिति में था और आसपास से गुजर रहे अनेकों वाहन व लोग मौके पर ही एकत्रित हो गए। बाद में किसी ने यह सूचना 108 एम्बुलेंस को दी। एम्बुलेंस से मांगीलाल के शव को अस्पताल लाया गया जहां उसके पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी थी। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## पत्रकार सलमान अली हत्याकांडः तीन को उम्रकैद, दो बरी

हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर



बहुचर्चित पत्रकार सलमान अली हत्याकांड में सारंगपुर न्यायालय के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश एवं पीठासीन अधिकारी अतुल राज भलावी ने सोमवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 86/2025 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1), 61(2), 3(5) तथा आयुध अधिनियम की धारा 25 एवं 27 के तहत अभियुक्त सरफराज, शाहनवाज एवं शफीक, निवासी सारंगपुर, को दोषी ठहराया गया। न्यायालय ने तीनों दोषियों को धारा 103(1) बीएनएस के तहत आजीवन कारावास एवं 3-3 हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा 61(2) बीएनएस के तहत 5-5 वर्ष के कठोर कारावास एवं 1-1 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। वहीं मुख्य आरोपी सरफराज को आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क) के तहत 7 वर्ष तथा धारा 27 के तहत 5 वर्ष के कारावास के साथ क्रमशः 2 हजार एवं 1 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा भी सुनाई गई। शासन की और से पैरवी कर रहे अतिरिक्त लोक अभियोजक शिवप्रसाद शर्मा ने बताया कि 17 सितंबर 2024 की रात करीब 9 बजे पत्रकार सलमान अली अपने पुत्र के साथ नेहरू पार्क के सामने खड़े थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल से आए तीन युवकों ने सलमान अली के सिर में गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मृतक के भाई अजीम द्वारा दिए जाने पर थाना सारंगपुर में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

यह मामला पुलिस अधीक्षक राजगढ़ द्वारा चिन्हित प्रकरणों की सूची में शामिल किया गया था। अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में 24 गवाह प्रस्तुत किए। न्यायालय ने घटना के प्रत्यक्षदर्शी मृतक के पुत्र सुफियान की गवाही, वैज्ञानिक परीक्षण रिपोर्ट तथा अन्य साक्ष्यों को विश्वसनीय मानते हुए यह सिद्ध पाया कि सरफराज ने सह-अभियुक्त शफीक एवं शाहनवाज के साथ आपराधिक षड्यंत्र रचकर देसी कट्टे से सलमान अली के सिर में गोली मारकर हत्या की थी। वहीं, साक्ष्यों के अभाव में न्यायालय ने सह-अभियुक्त सलामत एवं नासिर को दोषमुक्त कर दिया।

## 50 उज्ज्वला हितग्राहियों को एसडीएम का नोटिस, गैस कनेक्शन व 2.93 लाख की सब्सिडी राशि वसूली के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में अनियमितता पाए जाने पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय, सारंगपुर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 हितग्राहियों को कारण बताओ एवं वसूली संबंधी नोटिस जारी किए हैं। जांच में सामने आया कि संबंधित हितग्राहियों ने एक ही पहचान (आईडी) पर पहले से गैस कनेक्शन होने के बावजूद प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ प्राप्त कर लिया था।जांच के बाद एसडीएम कार्यालय ने सभी 50 हितग्राहियों को तीन दिवस के भीतर संबंधित गैस एजेंसी में योजना के तहत प्राप्त गैस सिलेंडर, रेगुलेटर, चूल्हा एवं अन्य सामग्री जमा कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही योजना के अंतर्गत अलग अलग हितग्राहियों को दी गई कुल 2,93,668 की सब्सिडी राशि की वसूली के भी निर्देश जारी किए गए हैं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित अवधि में सामग्री जमा नहीं कराने की स्थिति में संबंधित गैस कनेक्शन ब्लॉक कर दिया जाएगा तथा शासन के नियमानुसार सब्सिडी एवं अन्य देय राशि की वसूली की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित हितग्राहियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई भी की जा सकती है। एसडीएम कार्यालय ने संबंधित योगिता गैस एजेंसी, नगर पालिका, खाद्य विभाग एवं थाना प्रभारियों को भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ केवल वास्तविक पात्र हितग्राहियों तक ही सीमित रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में पारदर्शिता बनाए रखने, अपात्र लाभार्थियों की पहचान करने तथा सरकारी राशि की वसूली सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**निवानिया में महिला मंडल द्वारा करवाई जा रही भागवत कथा**

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाते ही बरसा पानी, किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा





समीपस्थ ग्राम निवानिया में गुप्त नवरात्रि में महिला मंडल द्वारा करवाई जा रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया।

कथा पंडाल में जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को बासुदेव टोपली में लेकर चले, वैसे ही देवराज इंद्र ने प्रसन्न होकर पानी बरसाना शुरू कर दिया। भागवत कथा में हजारों की संख्या में बैठे श्रद्धालुओं ने यह दृश्य देकर आनंद भर गए। पूरा पंडाल में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के दौरान हाथ घोड़ा पालकी, जय कन्हैयालाल की के जयकारों से गुंज उठा। इस दौरान कथा वाचक पं. निर्मल महाराज ब्यावरा वाले ने भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि निवानिया के माता-बहनो धन्य हो आपके द्वारा किए गए अच्छे कार्य का फल परमात्मा ने तुरंत अपने जन्म होते से ही दे दिया है। जिससे गांव में बोवनी करने के बाद से करीब 15 दिन से बारिश नहीं हो रही थी, सोयाबीन फसल पानी के लिए तरस रही थी, हर किसान फसल को लेकर चिंता में था, भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव आया, तो वह अपने साथ गांव की भलाई के लिए पानी लेकर आया और परमात्मा को कहा देखना चाहते हो।

### किसानों के चेहरे खिले

लंबे समय से क्षेत्र में बारिश नहीं होने के चलते गांव की महिलाओं ने आपसी सहयोग से समिति बनाकर श्रीमद् भागवत कथा करवाने का निर्णय लिया और कहा कि भागवत करवाएंगे तो पानी निश्चित आएगा और उनकी पुकार परमात्मा ने सुन ली और पानी बरस गया। जिससे चिंता में दिख रहे किसानों के चेहरे खिल उठे। महिला मंडल द्वारा आयोजित इस आयोजन में रात्रि में भगवान देवनारायण की कथा का भी आयोजन किया जा रहा। कथा वाचक हरिओम खींची के मुखारबिंद से भगवान देवनारायण की लीलाओं को वर्णन कर गांव को रात-दिन भक्ति में डूबा दिया है। देवनारायण कथा रात्रि 8 से 12 बजे तक चलती है।

### कलेक्टर गर्ग ने वेयर हाउस का निरीक्षण किया

**मंदसौर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अदिती गर्ग ने नवीन कलेक्टर भवन के सामने स्थित वेयर हाउस का निर्धारित मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर गर्ग ने गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था, सीलिंग, लॉगबुक एवं प्रवेश रिकॉर्ड का सत्यापन किया। साथ ही अग्नि सुरक्षा उपायों एवं सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन शाखा के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अधिवेशन में कार्यकर्ता होंगे शामिल

**मंदसौर।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल का राष्ट्रीय अधिवेशन 23 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में मंदसौर-नीमच संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष राकेश सेन सम्राट ने जानकारी देते हुए बताया कि यह राष्ट्रीय अधिवेशन अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी. वी. श्रीनिवास के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित होगा। कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की उपस्थिति रहेगी। राकेश सेन सम्राट ने बताया कि मंदसौर-नीमच संसदीय क्षेत्र से बड़ी संख्या में सेवादल कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचकर संगठन की एकजुटता, सेवा, समर्पण एवं अनुशासन का परिचय देंगे।

**खबर संक्षेप**

### अच्छी वर्षा के लिए महादेव मंदिर में खड़ी सप्ताह हुआ आयोजित

**देवास।** अमोना स्थित प्राचीन श्री त्रिलोकेश्वर महादेव मंदिर में अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि एवं विश्वशांति की मंगलकामना को लेकर रविवार से सोमवार तक खड़ी सप्ताह का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया। सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सिंह ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन पंडित सतीश महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर क्षेत्र में अच्छी वर्षा, खुशहाली एवं विश्वशांति की प्रार्थना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पवित्रा बाई पाटीदार, कांता बाई भंडारी, ललिता बैरागी, रेखा देवड़ा, संजना राठौर, लीला तिवारी, रीना दुबे, लक्ष्मी बाई ठाकुर, मधु शर्मा, सुरेश चंद तिवारी, गणेश पटेल,कन्हैया लाल वर्मा, अमन बैरागी, रविंद्र पाटीदार, राकेश सोनी,मोहित देवड़ा, रूपम राठौर, अमित पोद्दार सहित महाकाल मित्र मंडल व अमोनावासी उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायतों को मिलेगा पुरस्कार

**देवास।** मध्यप्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाने और ग्रामीण स्तर पर जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए 'सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) पंचायत योजना' का शुभारंभ किया गया है।

क्षेत्र में सुबह 5 बजे से झमाझम बारिश का दौर शुरू, दिन भर होती रही बारिश

# 24 घंटे में 0.12 इंच दर्ज: किसान बोले खरीफ फसलों को मिलेगा फायदा




मौसम विशेषज्ञ एसएस तोमर के अनुसार, अगले चार दिनों तक क्षेत्र में इसी तरह का मौसम बना रहने की संभावना है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

क्षेत्र में मंगलवार सुबह से झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ। बीते 24 घंटे में करीब 0.12 इंच वर्षा दर्ज की गई। बारिश से पार्वती नदी का जलस्तर बढ़ गया, जबकि कई खेतों में पानी भर गया।

जावर, सिद्धिगंज, खाचरोद, मेहतवाड़ा, मैना, कोठरी, भंवरा, बागैर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुबह से अच्छी बारिश हुई। सुबह 9 बजे तक तेज बारिश हुई, इसके बाद दिनभर रुक-रुक कर रिमझिम बारिश जारी रही, जिससे जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### किसानों के लिए राहत

किसानों ने इस बारिश को खरीफ फसलों के लिए लाभकारी बताया है। किसान अजय सिंह प्रजापति और चंद्र सिंह मेवाड़ा ने कहा कि तेज बारिश का पानी बह जाता है, जबकि रिमझिम बारिश से जमीन में नमी बनी रहती है और जलस्तर बढ़ता है, जिससे फसलों को अधिक फायदा मिलता है। तेज बारिश से आज छाता लेकर घरों से निकल रहे लोग।

### चार दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञ एसएस तोमर के अनुसार, अगले चार दिनों तक क्षेत्र में इसी तरह का मौसम बना रहने की संभावना है। इस दौरान रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश होती रहेगी। आष्टा क्षेत्र में मंगलवार सुबह 5 बजे से झमाझम बारिश हुई। बीते 24 घंटे में 3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इस बारिश से पार्वती नदी में जलस्तर बढ़ गया और कई खेतों में पानी भर गया। आष्टा के जावर, सिद्धिगंज, खाचरोद, मेहतवाड़ा, मैना, कोठरी, भंवरा और बाग़ैर सहित अन्य ग्रामीण अंचलों में भी सुबह से बारिश हुई। सुबह 9 बजे तक तेज बारिश जारी रही, जिसके बाद रुक-रुक कर रिमझिम बारिश होती रही। इस रिमझिम बारिश से जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। किसानों ने इस बारिश को फसलों के लिए फायदेमंद बताया है। किसान अजय सिंह प्रजापति और चंद्र सिंह मेवाडा के अनुसार, तेज बारिश का पानी बह जाता है, जबकि रिमझिम बारिश से जलस्तर बढ़ता है और यह फसलों के लिए अधिक लाभदायक होती है। मौसम विशेषज्ञ एसएस तोमर ने जानकारी दी है कि अगले चार दिनों तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। इस दौरान रुक-रुक कर रिमझिम बारिश होने की संभावना है।

# उप-स्वास्थ केंद्र का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन

**40 गांव को मिलेगा लाभ**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर लगातार क्षेत्र के विकास के लिये प्रयासरत है,उनके प्रयासों के अच्छे परिणाम विकास के रूप में परिवर्तित भी हो रहे है । दो दिन पूर्व कोठरी कला से गवाखेड़ा मुल्लानी मार्ग निर्माण के लिये मप्र सरकार ने 3 करोड़ 55 लाख की स्वीकृति की है । अब आज एक ओर सौगात मप्र सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में आष्टा विधानसभा क्षेत्र को दी है । इसकी जानकारी स्वयं मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को पत्र भेज कर दी। मुख्यमंत्री द्वारा आष्टा विधायक को भेजे पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भंवरा में संचालित उप स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन कर उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई है । मुख्यमंत्री ने इसके लिये विधायक को एवं क्षेत्र के नागरिको को बधाई दी है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया की ग्राम भंवरा में जो उप स्वास्थ्य केंद्र है जहाँ आस पास के करीब 40 से अधिक ग्रामों की करीब 50 हजार से अधिक नागरिको को इसका लाभ मिलेगा । ग्राम भंवरा में उप स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर को प्राथमिक स्वस्थ केंद्र के रूप उन्नयन किए जाने से अब यहा एक एमबीबीएस चिकित्सक की पदस्थापना होगी, लेब शुरू होगी, जांचे होंगी , प्रसव करवाने की सुविधा एवं प्राथमिक उपचार हेतु भर्ती रख कर उपचार की सुविधा यही मिलेगी। आस पास के ग्रामो के ग्रामीणजन बीमार होने पर इलाज हेतु आष्टा पहुचते है,अब इन सभी ग्रामो के ग्रामीणजनों को भंवरा में ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद हो जाने से स्वास्थ्य के क्षेत्र में ओर अधिक अच्छी स्वास्थ सुविधा मिल सकेगी। विधायक इंजीनियर ने भंवरा के उप स्वास्थ्य केंद्र को उन्नयन कर उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद बनाये जाने की स्वीकृति प्रदान करने पर मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया है।

# हवन-पूजन के साथ आर्य समाज के कार्य को पुनः संचालित करने मंडी में हुई पुनर्स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आर्य समाज के कार्य को पुनः संचालित करने के लिए आर्य समाज मंडी की पुनर्स्थापना की गई। जिससे कि मंडी क्षेत्र के लोगों को यज्ञादि का लाभ मिल सके। इस लिए मंडी में वैदिक पद्धति से विधिवत रूप से यज्ञादि करके मंडी में आर्य समाज की स्थापना कपूर कॉलोनी जैन मंदिर के पास मंडी में समय 6 बजे से 7 वजे तक वैदिक यज्ञ सत्संग किया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान पुरोहित संदीप जी आर्य व्यायाम शिक्षक आर्य वीर दल एवं जिला संचालक आर्य वीर दल सीहोर यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य विजय जी राठौर प्रधान आर्य समाज महाराणा प्रताप कॉलोनी गंज सीहोर एवं प्रांतीय प्रचार मंत्री आर्य वीर दल मध्य प्रदेश एवं विदर्भ कार्य साथ ही देवास से पधारे मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा --सभा प्रचारक




आचार्य हरिओम जी सरल पतंजलि, किसान युवा मोर्चा के अध्यक्ष सुरेंद्र जयोग, शिक्षक ग्राम कर्मण खेड़ी ग्राम महाली के उप मंत्री रमेश वर्मा, आर्य वीर दल के पूर्व संचालक रमेश आर्य, आर्य समाज सुभाष नगर के प्रधान अनूप आर्य, कौशल मंत्री, श्याम बाबू विश्वकर्मा, आर्य समाज महाराणा प्रताप कॉलोनी के उप प्रधान आचार्य विजय कुलश्रेष्ठ, आर्य समाज निपानिया कलां के मंत्री व आर्य वीर दल जिला सीहोर के सहायक बौद्धिक अध्यक्ष डॉक्टर ब्रजेश झलावा और अजय झलावा, आर्य वीर दल के जिला बौद्धिक अध्यक्ष संतोष सिंह आर्य वरिष्ठ पत्रकार एवं आर्य समाज सीहोर के पूर्व मंत्री, ग्राम सेमली कलां से वीर भान सिंह चौधरी, डॉक्टर राजमल मनोरिया, आर्य वीर सर्वेश आर्य, मधुसूदन त्यागी, अनिल वर्मा, विनोद दिसावरी, गौरव राठौर, ओम सिंह बिजोलिया, अमर सिंह कोरकू, शांति बाई राठौर, सुनीता राठौर, रामकली राठौर, अत्युषी आर्य, सुकृति आर्य, दीपेश आर्य, राम सिंह जी वैध सहित अन्य रहे।

# चोरी के माल सहित दो आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

थाना पार्वती पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 240/26 सूने मकान से मेथी एवं धनिया के बोरे चोरी करने वाले आरोपियों नवाब पिता रमजान खा उम्र 42 साल एवं इरशाद पिता कासम खा उम्र 19 साल निवासी काटा फोड़ जिला देवास को गिरफ्तार कर चोरी गया माल एवं पिकअप वाहन बरामद। पुलिस अधीक्षक महोदय सोनाक्षी सक्सेना जिला सीहोर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शसुनीता रावत तथा एसडीओपी दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना पार्वती हरि सिंह परमार द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं आरोपियों की धरपकड़ हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना पार्वती क्षेत्र के एक सूने मकान से अज्ञात चोरों द्वारा पिकअप वाहन की सहायता से मेथी एवं धनिया के बोरे चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना पार्वती में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान पुलिस




टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की घटना करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया मेथी एवं धनिया बोर तथा घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण कर आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

बुधनी थाना क्षेत्र अंतर्गत छेघरा स्थित ट्राइडेंट फैक्ट्री के समीप सोमवार शाम करीब 4:30 बजे एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस से सिविल अस्पताल बुधनी पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हादसे की खबर मिलते ही अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस एवं स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक अंकित मीना (20 वर्ष), पिता केवल मीना एवं राजा कीर (18 वर्ष), पिता सियाराम, दोनों ग्राम पाताल खो, बुधनी के निवासी थे। दोनों युवक मोटरसाइकिल से बुधनी की ओर आ रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक DD-01-AJ-9161 ने उनकी बाइक को जोरदार




टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस की सहायता से दोनों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

बुधनी एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि ₹आज शाम सड़क हादसे में ट्रक की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए थे। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है तथा मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह हादसा ऐसे स्थान पर हुआ है, जहां बुधनी ओवरब्रिज से नर्मदा पुल तक प्रतिदिन भारी वाहनों और अन्य यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है। यह क्षेत्र नगर का सबसे व्यस्त मार्ग माना जाता है और पूर्व में भी यहां कई गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय मीडिया समय-समय पर इस मार्ग की यातायात अव्यवस्था और दुर्घटनाओं के खतरे को प्रमुखता से उठाता रहा है।

नगरवासियों का कहना है कि भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही, अव्यवस्थित पार्किंग और प्रभावी यातायात प्रबंधन के अभाव के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। पूर्व में नागरिकों द्वारा प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर नगर क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने तथा पार्किंग व्यवस्था सुधारने की मांग भी की गई थी। प्रशासन ने कुछ समय के लिए व्यवस्था में सुधार के प्रयास किए, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो सका। सोमवार को हुए इस दर्दनाक हादसे के बाद एक बार फिर नगरवासियों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर के व्यस्त मार्गों पर भारी वाहनों की आवाजाही के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए तथा सड़क सुरक्षा के स्थायी उपाय शीघ्र लागू किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# बदहाल जल निकासी व्यवस्था: सर्विस रोड पर भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

लगातार हो रही बारिश ने श्यामपुर की सर्विस रोड पर जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी है। एमपीबी (बिजली) कार्यालय के सामने सर्विस रोड पर घुटनों तक पानी भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के कारण पूरी सड़क पानी में डूब गई है।

सड़क पर बने गड्ढे दिखाई नहीं दे रहे, जिससे दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों के लिए हर कदम जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण से जुड़े ठेकेदार और जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि लंबे समय से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन और ठेकेदार शायद किसी




बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं।

लोगों ने मांग की है कि जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए, जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए और लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों की जवाबदेही तय की जाए। मामले में तहसीलदार श्याम चंदेल का कहना है कि एन एच की सर्विस रोड है, उन्हें बता दिया गया है। उन्होंने टीम भेजने का बोल दिया है टीम भेज कर उसे ठीक कर रहे हैं और सर्विस रोड का टेंडर भी हो गया है, बारिश के बाद सीसी रोड बनना है एन एच वालों को बता दिया है।

आष्टा को पहली बार मिला भाजयुमो जिलाध्यक्ष का पद

# महेंद्र ठाकुर ने संभाली कमान, किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बीते दिनों भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश संगठन की ओर से जारी सूची में आष्टा निवासी महेंद्र ठाकुर (बापचा धाम) को भाजयुमो का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, हर्षित मेवाड़ा को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### आष्टा विधानसभा को पहली बार मिला युवा मोर्चा का नेतृत्व

भारतीय जनता पार्टी में आष्टा से जिलाध्यक्ष तो रहे हैं, लेकिन भाजयुमो जिलाध्यक्ष का पद पहली बार इस क्षेत्र को मिला है। इससे पहले यह पद मुख्य रूप से सीहोर और बुधनी तक सीमित रहा है सीहोर के भूपेंद्र पाटीदार



के बाद आष्टा के महेंद्र सिंह ठाकुर धाम को युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष की कमान मिली है। जिलाध्यक्ष की घोषणा होते ही समर्थकों और भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महेंद्र ठाकुर ने खुशी और आस्था के साथ अपने गृह ग्राम बापचा से खुटालिया स्थित बैकुंठ धाम तक करीब आधा किलोमीटर की दूरी दंडवत होकर तय की।

### कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

महेंद्र सिंह धाम और हर्षित मेवाड़ा की नियुक्ति पर आष्टा व सीहोर जिले में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और मिठाई बांटकर स्वागत किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि वे संगठन की जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे और क्षेत्र की जनता के हित में कार्य करेंगे।

# टोंकखुर्द अधिवक्ता संघ का निर्विरोध चुनाव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

टोंक खुर्द अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव सोमवार को सर्वसम्मति से निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव में सभी पदों पर उम्मीदवारों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जिससे बार की वर्षों पुरानी परंपरा एक बार फिर कायम रही।

निर्वाचन परिणाम के अनुसार पदम सिंह उदाना अध्यक्ष, अंतर सिंह खरवाड़िया उपाध्यक्ष, छाया गोदेन महिला उपाध्यक्ष, जगदीश चंद्र लाठिया सचिव, आशीष भंडारी सह सचिव, विनीता शर्मा कोषाध्यक्ष तथा शशिकांत शर्मा पुस्तकालय सचिव निर्वाचित हुए। निर्वाचन के बाद न्यायालय परिसर में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का न्यायाधीश, अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन स्टाफ द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1989 में टोंक खुर्द बार की स्थापना के बाद से आज तक अधिवक्ता संघ के चुनाव कभी प्रतिस्पर्धात्मक नहीं हुए हैं। प्रत्येक बार सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन की परंपरा निभाई गई है और इस बार भी उसी परंपरा को कायम रखते हुए सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न कराया गया।